HJU

NATIONAL EDUCATION POLICY-2020

Haridev Joshi University of Journalism and Mass Communication
Academic Campus, Khasa Kothi, M.I. Road, Jaipur
e: themanojlodha@gmail.com

क्रमांक प.(31)एचजेयू/शैक्ष.परिसर/NEP-II 202**4-25**/12736 **दिनांक:** 06.11.2024

परिपत्र

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रचार प्रसार के लिए विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से तीन छात्रों का 'सारथी' (NEP-SARTHI-National Education Policy- Student Ambassador for Academic Reforms in Transforming Higher Education in India) के रूप में चयन किया जाना है। चयन प्रकिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

इस चयन का उद्देश्य निम्नानुसार है-

1- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की पहल के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें बढ़ावा देना।
2- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की पहल का लागू करने में विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना।
3- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए फीडबैक तंत्र स्थापित करना ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन और उसके प्रभाव को समझ सके साथ ही कोई अकादमिक समस्या हो तो उसका निराकरण किया जा सके।

सारथी के चयन हेतु अपेक्षाएं –

- किसी भी पाठ्योजना में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी होना अपेक्षित है।
- चयन के लिए विद्यार्थी में उत्कृष्ट व्यक्तित्व, उत्कृष्ट संचार कौशल, आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करने की संगठनात्मक क्षमता, रचनात्मकता, जिम्मेदारी की भावना और टीम लीडर के गुण अपेक्षित है।

परीक्षा –

- एक घण्टे की लिखित परीक्षा होगी जिसमें 50 बहु-वैकल्पिक प्रश्न होंगे।
- 100 अंकों की इस परीक्षा में पीएचडी, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर आधारित मैरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।
- प्रत्येक सेमेस्टर से मैरिट में आने वाले पांच-पांच विद्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार 100 अंकों का होगा।
- लिखित और साक्षात्कार के अंकों के आधार पर सारथी के रूप में चयन किया जाएगा।

पाठ्यक्रम-

'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020' जो कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की वैबसाइट पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषा में उपलब्ध है। इसे अंग्रेजी में देखने के लिए -
https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_Final_English_0.pdf
और हिन्दी के लिए –
https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/NEP_final_HINDI_0.pdf
पर क्लिक करके देखा जा सकता है।

निरंतर.........2

अंग्रेजी के लिए मार्गदर्शिका के पार्ट - ॥ Higher Education (पृष्ठ संख्या 33 से 49) और हिन्दी मार्गदर्शिका के भाग- ॥ उच्चतर शिक्षा (पृष्ठ संख्या 52 से 79) में से प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा के लिए किसी भी एक भाषा का चयन कर परीक्षा दी जा सकती है।

विशेष –

- चयनित सारथी को विश्वविद्यालय द्वारा सत्र के अंत में प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित सभी आयोजनों में सारथी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित आयोजनों में अपेक्षा होने पर भागीदारी के लिए भेजा जाएगा।
- सारथी के रूप में चयनित विद्यार्थी का नाम वैबसाइट पर उद्धृत किया जाएगा।

परीक्षा हेतु पंजीकरण –

- ‘सारथी’ चयन के लिए आयोजित परीक्षा में बैठने के लिए 15 नवम्बर, 2024 तक शैक्षणिक केन्द्र के कार्यालय में नि:शुल्क पंजीकरण कराना होगा। पंजीयन न कराने वाले विद्यार्थी को परीक्षा के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।
- अंतिम तिथि के उपरांत पंजीकरण किया जाना असंभव होगा।

Manojlodha.

डॉ. मनोज कुमार लोढा
प्रभारी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020

प्रतिलिपि -

1- निजी सचिव, कुलपति महोदया, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर
2- निजी सहायक, कुलसचिव महोदय, हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर
3- नोडल ऑफिसर, विश्वविद्यालय वैबसाइट को प्रेषित कर लेख है कि इसे वैबसाइट पर प्रदर्शित करें।
4- समन्वयक, शैक्षणिक केन्द्र, खासा कोठी को प्रेषित कर लेख है कि इस परिपत्र को सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करें।
5- सभी संकाय सदस्य